# न्यायालय उपखण्डअधिकारीसेड़वाजिलाबाड़मेर

(पीठासीन अधिकारी श्री बद्रीनारायण विश्नोई, आर.ए.एस)

राजस्व आवेदन सं. 237/2024

अन्तर्गत धारा 131,136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956

| प्रार्थीगण | बनाम | विप्रार्थीगण |
|---|---|---|
| 1. तुलसाराम पुत्र हरचंदराम<br>2. जगमालराम पुत्र जोधाराम<br>जातियान विश्नोई निवासीगण बामड़ला तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर। | | 1. उदा पुत्र मेहरारामा<br>2. केशरा पुत्र मेहरारामा<br>3. खेता पुत्र मेहरारामा<br>4. सजनी पत्नी मेहरारामा<br>जातियान विश्नोई निवासीगण बामड़ला तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर।<br>5. तहसीलदार सेड़वा। |

उपस्थित : प्रार्थीगण वकील– श्री श्रीराम विश्नोई

–: निर्णय :–

दिनांक– 05.05.2025

प्रार्थीगण तुलसाराम पुत्र हरचंदराम जाति विश्नोई निवासी बामड़ला तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर वगैरा द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 का संक्षेप में सार इस प्रकार है कि प्रार्थीगण व विप्रार्थीगण संख्या 01 से 04 के खातेदारी का खेत मौजा बामड़ला पटवार क्षेत्र बामड़ला भू अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र बामड़ला तहसील सेड़वा में प्रार्थीगण का खेत खसरा संख्या 759/166 रकबा 9.5182 हैक्टेयर किस्म बारानी दोयम एवं खसरा संख्या 165 रकबा 0.11 बीघा (वर्तमान खसरा संख्या 1087/165 एवं खसरा संख्या 165) के आए हुए हैं। मौजा बामड़ला पटवार क्षेत्र बामड़ला भू अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र बामड़ला तहसील सेड़वा में प्रार्थीगण का खेत खसरा संख्या 759/166 रकबा 60.12 बीघा(वर्तमान रकबा 9.5182 हैक्टेयर) किस्म बारानी एवं खसरा संख्या 165 रकबा 0.11 बीघा किस्म गैर मुमकिन ढाणी में से प्रार्थीगण एवं विप्रार्थीगण द्वारा आपसी सहमति से राजस्व लोक अदालत अभियान न्याय आपके द्वार शिविर में रकबा क्रमशः 1.169 बीघा, 0.03 बीघा भूमि का रास्ते हेतु राज्य सरकार के पक्ष में समर्पण किया गया था। वर्तमान समर्पण भूमि खसरा संख्या 1079/166 रकबा 0.1133 हैक्टेयर, खसरा संख्या 1070/166 रकबा 0.1781 हैक्टेयर एवं खसरा संख्या 1069/165 रकबा 0.0243 हैक्टेयर अभी राजस्व रेकर्ड में द[illegible]र्थीगण एवं विप्रार्थीगण संख्या 01

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.06.05 14:13:13 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

से 04 आपसी सहमति से उक्त भूमि का रास्ते हेतु समर्पण करते समय हल्का पटवारी बामड़ला को आपसी भाइयों के बाहमी बंटवाड़ा अनुसार 1/2 हिस्सा की भूमि रास्ते के दोनों तरफ बराबर रखकर समर्पण भूमि का नक्शा तैयार करने को कहा गया लेकिन हल्का पटवारी ने बिना मौके देखे अंदाज से बीच में रास्ते का नक्शा बनाकर प्रस्तुत कर दिया और बाद में नक्शा में तरमीम करते समय भूलवश रास्ते के एकतरफ 1/2 से अधिक भूमि रखकर तरमीम कर दी जिससे प्रार्थीगण के कब्जे काश्त से भिन्न दूसरे स्थान पर है। प्रार्थीगण उक्त रास्ते हेतु समर्पण भूमि को आपसी भाइयों के बाहमी बंटवाड़ा अनुसार 1/2 हिस्सा की भूमि रास्ते के दोनों तरफ रखकर समर्पण भूमि की तरमीम वर्तमान में चल रहे चालू रास्ते के अनुसार एवं समर्पण आदेश क्रमांक/राजस्व/2018/46 दिनांक 28.06.2018 के अनुसार करवाना चाहते है। आवेदन के साथ संलग्न परिशिष्ट 'अ' में जो भूमि बरंग हरा के रूप में दर्शाई गई है, वहां पर तरमीम दुरुस्त करवाना चाहते है। अतः तरमीम दुरुस्ती का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि प्रार्थीगण के खातेदारी खेत मौजा बामड़ला पटवार क्षेत्र बामड़ला भू अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र बामड़ला तहसील सेड़वा में प्रार्थीगण का खेत खसरा संख्या 759/166 रकबा 9.5182 हैक्टेयर किस्म बारानी दोयम एवं खसरा संख्या 165 रकबा 0.11 बीघा (वर्तमान खसरा संख्या 1087/165 एवं खसरा संख्या 165) एवं राज्य सरकार के पक्ष में समर्पण भूमि खसरा संख्या 1079/166 रकबा 0.1133 हैक्टेयर एव खसरा संख्या 1069/165 रकबा 0.0243 हैक्टेयर की नक्शा में पूर्व में की गई तरमीम को खारिज कर मौके पर चल रहे रास्ते एवं आपसी भाइयों के बाहमी बंटवाड़ा अनुसार 1/2 हिस्सा की भूमि रास्ते के दोनों तरफ बराबर रखकर व संलग्न परिशिष्ट 'अ' में दर्शाये अनुसार दुरुस्त करवाने का आदेश फरमाया।

प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर विप्रार्थीगण को नोटिस तलब किए। विप्रार्थीगण के सम्मन तामिलशुदा प्राप्त जिन्हें शामिल पत्रावली किया गया। हस्तगत प्रकरण में तहसीलदार सेड़वा से न्यायालय के आदेश क्रमांक रीडर/2024/1498 दिनांक 18.11.2024 द्वारा तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन के लिए लिखा गया। कार्यालय तहसीलदार सेड़वा के पत्रांकः भू.अ./2025/153 दिनांक 02.05.2025 द्वारा न्यायालय का `तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसे शामिल पत्रावली किया गया। मुताबिक तहसीलदार सेड़वा से प्राप्त तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन " **ग्राम बामड़ला के खसरा संख्या 759/166 रकबा 9.5182 हैक्टेयर, खसरा संख्या 165 रकबा 0.0324 हैक्टेयर, खसरा संख्या 1078/165 रकबा 0.0324 हैक्टेयर भूमि प्रार्थीगण जगमालराम पुत्र जोधाराम तुलसाराम पुत्र हरचन्दराम उदा केशरा, खेता पिता मेहरामा सजनी पत्नी महरामा के नाम संयुक्त खातेदारी भूमि है तथा खसरा संख्या 1069/165, 1079/166 रकबा क्रमशः 0.0243 हैक्टेयर, 0.1133 हैक्टेयर भूमि राजस्थान सरकार के खाते में** [illegible] **बामड़ला के नामान्तरकरण संख्या 1288 स्वी. दिनांक 03.08.2018 के अनुसार** [illegible] **संख्या 759/166 रकबा 60.12**

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.06.05 14:13:13 IST
Reason: SelfAttested

(SDO) सेड़वा

उपखण्ड अधिकारी
(SDO) सेड़वा

बीघा में से रास्ते हेतु भूमि राजस्थान सरकार के पक्ष में समर्पण करने पर खसरा नम्बर 1079/166 रकबा 0.1137 हैक्टेयर(0.14 बीघा) एवं खसरा संख्या 1070/166 रकबा 0.1781 हैक्टेयर (1.02 बीघा) तथा मूल खसरा संख्या 165 रकबा 0.11 बीघा(0.0890 हैक्टेयर) में से भूमि राजस्थान सरकार के पक्ष में समर्पण करने पर खसरा संख्या 1069/165 रकबा 0.0243 हैक्टेयर (0.03 बीघा), खसरा संख्या 1078/165 रकबा 0.0324 हैक्टेयर(0.04 बीघा) का सृजन हुआ और मूल खसरा संख्या 165 रकबा 0.0324 हैक्टेयर (0.04 बीघा) रहा, परन्तु लट्ठा ट्रेस में तरमीम करते समय मौका कब्जा काश्त एवं नक्शे की तरमीम में अन्तर आ गया, इसलिए संलग्न नक्शे में बरंग हरा से दर्शाये अनुसार खसरा संख्या 1079/166 रकबा 0.1133 हैक्टेयर (0.14 बीघा) की और खसरा संख्या 1069/165 रकबा 0.0243 हैक्टेयर (0.03 बीघा) संलग्न नक्शे में बरंग लाल अनुसार तरमीम प्रस्तावित की गई है तथा खसरा संख्या 1078/165 रकबा 0.0324 हैक्टेयर एवं खसरा संख्या 165 रकबा 0.0324 हैक्टेयर बरंग पीले से दर्शित किया गया है। उपर्युक्त प्रस्तावित तरमीम दुरुस्ती से खसरा संख्या 759/166, 1078/165, 165 के रकबे में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं होगा। संलग्न नक्शा फर्द मौका तरमीम दुरुस्ती का अभिन्न अंग रहेगा। फर्द मौके पर पढकर सुनाई गई, सही होना स्वीकार कर हस्ताक्षर/अंगुष्ठ निशान किए।

प्रार्थीगण वकील उपस्थित। विप्रार्थीगण के सम्मन तामिलशुदा प्राप्त होने के बावजूद भी कोई उपस्थित नहीं हुआ, इसलिए उनके विरूद्ध एकतरफा कार्रवाई अमल में लाई जाती है। पत्रावली पर उपलब्ध तथ्यों तथा सक्षम दस्तावेजी साक्ष्यों पर प्रार्थीगण के अधिवक्ता ने बहस की। प्रार्थीगण अधिवक्ता की बहस पर न्यायालय द्वारा स्वस्थ चित्त से मनन किया। पत्रावली पर उपलब्ध तथ्यों तथा सक्षम दस्तावेजी साक्ष्यों पर न्यायालय द्वारा युक्तियुक्त चिन्तन, मनन तथा विचारण उपरांत, प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र 237/2024 उनवान तुलसाराम वगैरा बनाम उदा वगैरा अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956 के तहत स्वीकार योग्य प्रतीत होता है।

अतः मुताबिक तहसीलदार सेड़वा के कार्यालय पत्र क्रमांकः भू.अ./2025/153 दिनांक 02.05.2025 द्वारा प्राप्त तथ्यात्मक जांच/मौका प्रतिवेदन मौजा बामड़ला पटवार क्षेत्र बामड़ला भू.अ.निरीक्षक क्षेत्र बामड़ला तहसील सेड़वा के खसरा संख्या 1079/166 रकबा 0.1137 हैक्टेयर(0.14 बीघा) संलग्न नक्शे में बरंग हरा, खसरा संख्या 1069/165 रकबा 0.0243 हैक्टेयर (0.03 बीघा) संलग्न नक्शे में बरंग लाल, खसरा संख्या 1078/165 रकबा 0.0324 हैक्टेयर बरंग पीला, संख्या 165 रकबा 0.0324 हैक्टेयर बरंग पीला दर्शित संलग्न नक्शे अनुसार राजस्व रिकॉर्ड में तरमीम दुरुस्ती का आदेश दिया जाता हैं।

Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.06.05 14:13:13 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
(SDO) सेड़वा

राजस्व आवेदन संख्या 237/2024 उनवान तुलसाराम वगैरा बनाम उदा वगैरा

तहसीलदार सेड़वा से प्राप्त तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन(पत्रांकः भू.अ./2025/153 दिनांक 02.05.2025 के संलग्न मौका जांच प्रतिवेदन दिनांक 04.01.2025, नक्शा व जमाबंदी अभिलेख आदि) निर्णय का अभिन्न अंग रहेगा। तहसीलदार सेड़वा को आदेशित किया जाता है कि वह तद्नुसार राजस्व रिकॉर्ड में अमलदरामद करें। तहरीर जारी हो। पत्रावली संख्या से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 05.05.2025 को खुले इजलास में सुनाया गया।

(बद्रीनारायण, आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी, सेड़वा

उपखण्ड अधिकारी
(SDO) सेड़वा

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.06.05 14:13:13 IST
Reason: SelfAttested

... तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन ...

## फर्द मौका

आज दिनांक 04-1-2025 को श्रीमान तहसीलदार सेड़वा के आदेश क्रमांक /भू अ/3362-63 दिनांक 21.11.2024 एवं माननीय न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सेड़वा के राजस्व आवेदन संख्या 237/2024 अन्तर्गत तुलछाराम वगैरह बनाम उदाराम बनाम कालूराम वगैरह अन्तर्गत 131, 136 RLR एक्ट में ग्राम बामड़ला के खसरा संख्या 759/166 रकबा 9.5182 हे०, खसरा संख्या 165 रकबा 0.0324 हे०, 1078/165 रकबा 0-0324 हे०, 1069/165 रकबा 0-0243 हे०, 1079/166 रकबा 0-1133 हे. की मौका कब्जा काश्त अनुसार तरमीम दुरस्ती की जाँच हेतु पटवारी हल्का बामड़ला के साथ मौके पर आया।

ग्राम बामड़ला के खसरा संख्या 759/166 रकबा 9.5182 हे०, खसरा संख्या 165 रकबा 0.0324 हे०, खसरा संख्या 1078/165 रकबा 0-0324 हे० भूमि प्रार्थीगण अनगमानराम पुत्र ओखाराम तुलछाराम पुत्र हरचन्दराम उदा केशाराम, सीता पि० मेहरामा सजनी पत्नी मेहरामा के नाम संयुक्त खातेदारी भूमि है तथा खसरा संख्या 1069/165, 1079/166 रकबा क्रमशः 0.0243 हे०, 0.1133 हे० भूमि राजस्थान सरकार के खाते में दर्ज है।

ग्राम बामड़ला के नामान्तरण संख्या 1288 स्वी० दि० 03-8-18 के अनुसार मूल खसरा संख्या 759/166 रकबा 60-12 बीघा में से रास्ते हेतु भूमि राजस्थान सरकार के पक्ष में समर्पण करने पर खसरा संख्या 1079/166 रकबा 0-1133 हे० (0-14 बीघा) एवं खसरा संख्या 1070/166 रकबा 0.1781 हे० (1-02 बीघा) तथा मूल खसरा संख्या 165 रकबा 0-11 बीघा (0.0890 हे०) में से भूमि राजस्थान सरकार के पक्ष के समर्पण करने पर खसरा संख्या 1069/165 रकबा 0-0243 हे० (0-03 बीघा), खसरा संख्या 1078/165 रकबा 0-0324 हे० (0-04 बीघा) का सृजन हुआ और मूल खसरा संख्या 165 रकबा 0-0324 हे० (0-04 बीघा) रहा परन्तु नक्शा ट्रेस में तरमीम करते समय मौका कब्जा काश्त एवं सह खातेदारान के आपसी बंटवारे अनुसार तरमीम नहीं करने से मौके कब्जा काश्त एवं नक्शे की तरमीम में अन्तर आ गया इसलिये संलग्न नक्शे में बरंग हरा से दर्शित अनुसार 1079/166 रकबा 0-1133 हे० (0-14 बीघा) की और खसरा संख्या 1069/165 रकबा 0-0243 हे० (0-03 बीघा) संलग्न नक्शे में बरंग लाल अनुसार तरमीम प्रस्तावित की गई है तथा खसरा संख्या 1078/165 रकबा 0-0324 हे० एवं खसरा संख्या 165 रकबा 0-0324 हे० बरंग पीले से दर्शित किया गया है। उपरोक्त प्रस्तावित तरमीम दुरस्ती से खसरा संख्या 759/166, 1078/165, 165 के रकबे में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं होगा। संलग्न नक्शा फर्द मौका तरमीम दुरस्ती का अभिन्न अंग रहेगा।

फर्द मौका पढ़कर सुनाई गई सही होना स्वीकार कर हस्ताक्षर किये।

अनुदान निशान किये

4/1/25

04/1/2025
ILR बामड़ला

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

प्रथम कार्ड

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.06.05 14:13:13 IST
Reason: SelfAttested

उदाराम

तहसीलदार (भू.अ.) सेड़वा

बालाराम

राजस्थान सरकार

NIC-BHUNAKSHA

खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि)

जिला : बाड़मेर


दिनांक : 03/12/2024 09:49:46 AM

तहसील : सेड़वा

पटवारी हल्का : बामड़ला

भू. अ. नि. क्षेत्र : बामड़ला

ग्राम : बामड़ला




खसरा संख्या : 1079/166 क्षेत्रफल : 0.1133 Hectare खाता संख्या : 1 पुराना खाता संख्या : 0

भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान ]: बा.दोयम [ 0. 3 ]

राज. सरकार

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एंव सील

(उतमाराम)
पटवारी (भू.अ.)
प.म. बामड़ला

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।
२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता है।
३. प्रविष्टियों में संशोधन/सत्यापित प्रतिलिपि हेतु सम्बंधित तहसील ... ULPIN no : null

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.06.05 14:13:13 IST
Reason: SelfAttested

(उतमाराम)
पटवारी (भू.अ.)
प.म. बामड़ला

4/1/25

04/1/25

ILR बामड़ला

तहसीलदार (भू.अ.) सेड़वा